13/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल असम के दौरे पर रहेंगे और गुवाहाटी में पांच हज़ार चार सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में ब्रह्मपुत्र नदी पर कुमार भास्कर वर्मा सेतु, कामरूप के अमिंगांव में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय डेटा केंद्र और आईआईएम गुवाहाटी शामिल हैं।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने तवांग में **सेरा जेय जामयांग चोएखोरलिंग मॉनेस्ट्री** के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नए ढांचे से प्रशासनिक कार्यकुशलता, आवासीय सुविधाओं और बौद्ध भिक्षुओं एंव छात्रों के अध्ययन में काफी सुधार होगा। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की तवांग शाखा द्वारा एक स्कूल बस प्रदान करने की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों को सीधा लाभ सुनिश्चित होगा।

0000000000000000000000000

नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट के निकट स्थित सिले रेलवे स्टेशन (बी-श्रेणी) को सफल ट्रायल रन के बाद चालू कर दिया गया है। हालांकि, नए स्टेशन को जोड़ने वाली यात्री ट्रेन सेवाएं अभी शुरू नहीं की गई हैं। रेलवे सुरक्षा आयुक्त, NFR सुमीत सिंगल ने NFR अधिकारियों के साथ नव-निर्मित मुरकोंगसेलेक-पासीघाट ब्रॉडगेज रेलवे लाइन पर स्पीड ट्रायल रन किया। विशेष ट्रेन के माध्यम से यह ट्रायल असम के मुरकोंगसेलेक से अरुणाचल प्रदेश के सिले रेलवे स्टेशन तक पन्द्रह किलोमीटर के खंड पर किया गया है। जबकि सिले से पासीघाट तक शेष ग्यारह किलोमीटर का निर्माण कार्य अभी जारी है। मुरकोंगसेलेक-पासीघाट ब्रॉडगेज रेलवे परियोजना NFR की एक प्रमुख परियोजना है। पिछले वर्ष दिसंबर के अंत तक इस परियोजना की लगभग साठ प्रतिशत प्रगति हो चुकी है।

0000000000000000000000

"सहकार से समृद्धि - कोऑपरेटिव्स बिल्ड अ बेटर वर्ल्ड" विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में शुरू हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना और जिले की सहकारी समितियों की क्षमता को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने की।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने और किसानों, युवाओं तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000

फोरम फॉर अवेयरनेस ऑफ नेशनल सिक्योरिटी, ईटानगर चैप्टर के सहयोग से देरा नातुङ गवर्मेंट कॉलेज, ईटानगर के एंथ्रोपॉलोजी डिपार्टमेंट द्वारा 'पूर्वोत्तर सीमांत क्षेत्र: मुद्दे और चुनौतियाँ' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असम के पूर्व डीजीपी एवं पूर्व मुख्य आरटीआई आयुक्त डॉ. ए.पी. राउत ने जनजातीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के बीच संतुलन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग, आर्थिक गलियारे और सैन्य हवाई अड्डों का विकास राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। वहीं, फैंस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर वी. एन. पांडे ने जनजातीय संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए इनर लाइन परमिट प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

0000000000000000000000

राज्य में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, समग्र शिक्षा अरुणाचल प्रदेश द्वारा SCERT अरुणाचल प्रदेश के सहयोग से ईटानगर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला

आयोजित की जा रही है, जो 14 फरवरी तक चलेगी। कार्यशाला के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन के अनुरूप प्री-प्राइमरी से कक्षा दो तक के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री और संसाधन सामग्री तैयार करने में सहायता दी जा रही है। इसमें कुल बयालीस मास्टर ट्रेनर्स को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा हैंडबुक पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

0000000000000000000000

ईटानगर स्थित उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय ने स्रोत पर कर कटौती/संग्रह (TDS/TCS), SNA स्पर्श और प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान की मासिक प्रगति रिपोर्ट से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रशिक्षण सरकारी महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों, डीसी कार्यालय आईसीआर, SCERT, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा विभाग के सभी डीडीओ के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयकर से जुड़े विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए और प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

0000000000000000000000

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाते हुए स्थानीय समुदायों के समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असम राइफल्स की खोंसा बटालियन ने ऑपरेशन सद्भावना परियोजना के तहत तिराप जिले के सोहा गांव में एक व्यापक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

0000000000000000000000000